सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 10 एवं 11 मार्च को समय 11:00 बजे से 3:00 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेण्ट कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक स्वतंत्र मायक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड सूरजपुर छ.ग. के द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 50 पद एवं कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों का भर्ती किया जाना है। पदो के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण है। इच्छुक ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड एवं आधार कार्ड आदि की मूल प्रति उक्त पद के लिए पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे आवेदक की 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। यह प्लेसमेंट पूरी तरह से नि:शुल्क है।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में डीजल चोर गिरोह हुआ पुनः सक्रिय

पेट्रोलिंग पार्टी को देख गाड़ी छोड़ भागे चोर

कोरबा (विश्व परिवार)। सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले के कुसमुंडा परियोजना में बढ़ते डीजल कबाड़ चोरी को अंकुश लगाने के लिए त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के अधिकारी कमर कस कर विभिन्न प्रकार की रणनीति तैयार की है। जिसमें मुख्य तौर पर खदान में प्रवेश बैरियर को छोड़कर अन्य सभी स्थानों को टीएसआर के अधिकारी स्वयं निरीक्षण करते हुए पूर्ण रूप से बाधित कर रही है, जिससे चोरों के प्रवेश पर अंकुश लगाया जा सके। बावजूद इसके

चोर रोजाना नए नए जगह बनाते हुए चोरी को अंजाम दे रहे है। जानकारी के अनुसार विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में कार्यादेश क्रमांक-16 जो निजी वाहन ठेकेदार के अधीन संचालित एक वाहन को डोजर से डीजल निकालकर भागते हुए दौड़ाया गया। जिसमें वाहन चालक अपने एक साथी के साथ चलते हुए गाड़ी से कूदकर भागने लगा जिसे टीएसआर के अधिकारी ने काफी दूर तक दौड़ाया, परंतु दोनों कथित चोर भागने में सफल हो गए। इस चोरी के वाहन में एक मोबाइल फोन साथ ही डीजल निकलने में उपयोग किए जाने वाले होस पाइप और एक लॉग बुक जप्त करते हुए शाम को थाना कुसमुंडा को सुपुर्द किया गया। टीएसआर विभाग के अधिकारी ने इस पूरे घटना की लिखित सूचना एसई सीएल के आला अधिकारियों को दी है। प्राप्त हुए इस पत्र के आधार पर कुसमुंडा परियोजना के सुरक्षा विभाग के सहायक निरीक्षक ने थाना कुसमुंडा को आवेदन प्रेषित करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। जिस पर पुलिस विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है साथ ही फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है वाहन जप्त कर आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

खुद को रखे व्यस्त तभी जीवन कटेगा मस्त -उप महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह

6 माह में 89 सेवा निवृत हुए कॉलरी कर्मचारी आज दी गई विदाई

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) एस ई सी एल विश्रामपुर क्षेत्र के 6 माह में 89 अनुभवी कर्मचारी की विदाई समारोह आयोजित कर गमगीन माहौल में दी गई विदाई। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि विश्रामपुर के क्षेत्रीय के उप महाप्रबंधक डॉक्टर संजय सिंह ने सेवा निवृत कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक व्यवस्था से मुक्त हो चुके हैं जीवन से नहीं। जीवन को हमेशा व्यस्त रखें तो भविष्य मस्त कटेगा । तन को मजबूत स्वस्थ रखेंगे तो मन भी साफ होगा, मन साफ रहेगा तो स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो जीवन का में आनंद ही आनंद है। स्वस्थ व्यक्ति घर परिवार

समाज राष्ट्र के लिए बोझ है इसलिए आप एक व्यवस्था से सेवानिवृत हुए हैं खुद को व्यस्त रखिए जीवन को मस्त रखिए। बता दे कि अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 अर्थात 6 माह में 89 कॉलरी कर्मचारी सेवानिवृत हुए हैं जिसे प्रबंधन ने एक साथ स्थानीय ऑफिसर्स क्लब में सामूहिक विदाई दी। आज की विदाई समारोह रौनक विहीन रहा। ऐसा लग नहीं रहा था कि पूरा सभा कक्ष में कोई विदाई समारोह का आयोजन हो रहा है। विदाई समारोह में उदासीपन थी। क्षेत्रीय महाप्रबंधक भी अपने 89 कर्मचारियों की विदाई समारोह में किसी कारणवश नहीं रहे जिसको लेकर आयोजन सभा कक्ष में कर्मचारी में खासा नाराजगी देखी गई। कर्मचारियों का कहना था कि सेवानिवृत्ति के एक माह के अंदर सब कर्मचारियों को मान सम्मान के साथ विदाई दी जाती थी परंतु इस बार 6 माह के बाद विदाई दी जा रही है तो भी क्षेत्र का मुखिया अनुपस्थित है ऐसे में कर्मचारियों का मनोबल कैसे बढ़ेगा। इस संबंध में श्रमिक नेता बीएमसी के राजेश कुमार सिंह, सरोज कुमार सिंह, एटक के पंकज गर्ग ,वीरेंद्र कुमार, सीटू के अभय प्रकाश मिश्रा, बी बी सेन आदि नेताओं ने अपनी नाराजगी व्यक्त की व्यवस्था को लेकर खासी नाराजगी व्यक्त की । इस अवसर पर विजय कुमार सिंह, सुरेंद्र पटेल आदि ने भी अपनी बात रखी आज सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में श्रमिक नेता के बी सिंह, पूर्व खिलाड़ी अजय नायर ,प्रकाश बांडीआई सहित क्षेत्र के 89 कर्मचारी सेवा निवृत हुए हैं। इस प्रकार प्रतिमाह अनुभवी कर्मचारियों को का सेवन निर्वात हो जाने से प्रबंधन को लगातार झटका लगता हुआ आ रहा है। आज की विदाई समारोह में एपीएम श्री शिंदे सहित सेवा निवृत क्षेत्र के मशहूर नेत्र चिकित्सक डॉक्टर वीएम सिंह सहित प्रमुख क्षेत्र के विभाग प्रमुख उपस्थित।

संक्षिप्त समाचार

क्षेत्र के आस्था का केंद्र मां कुदरगढ़ी देवी धाम कुदरगढ़ का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

गोपाल सिंह विद्रोही

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार) -आज कलेक्टर एस जयवर्धन, ने जिले के ओड़गी विकासखण्ड स्थित देवीधाम कुदरगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कुदरगढ़ का दौरा किया। इस दौरान डीएफओ श्री पंकज कमल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने सभी स्थलों का राजस्व रिकॉर्ड/फारेस्ट रिकॉर्ड, के साथ निर्माण स्थलों का सघन निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जयवर्धन ने देवीधाम में दर्शनार्थियों के लिए सभी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने देवीधाम क्षेत्र में सभी निर्माण कार्यों को द्रुतगति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कुदरगढ़ महोत्सव के दौरान सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थलों पर साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार श्री राय, डॉ नृपेंद्र सिंह जनपद सीईओ, राजस्व,जनपद और वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने ली सीएसआर मद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज सीएसआर मद से किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत दिए गए प्रस्तावो पर चर्चा की। उन्होंने सी एस आर मद से किए जा रहे विकास कार्यों की वित्तीय वर्षवार समीक्षा कर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर चांदनी कंवर, सभी सम्बंधित विभाग के प्रमुख अधिकारी, एस ई सी एल के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय केतका में छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय केतका में 151 छात्राओं को लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया क्षेत्र के केतका ग्राम स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा की ओर से बालिका आत्मरक्षा हेतु लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा कार्यक्रम के तहत 151 छात्राओं को 30 दिवसीय प्रशिक्षण लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा कार्यक्रम के तहत ताइक्वांडो शुभम साहू प्रशिक्षक प्रतिदिन प्रात: 9:00 बजे विद्यालय पहुंचकर 1 घंटे बच्चों को प्रशिक्षित दिया। विद्यालय के प्राचार्य जे शांडिल्य एवं व्याख्याता प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों का प्रशिक्षण प्रतिदिन संचालित हो रही थीं, जिसमें विद्यालय के 9 वीं से 12वीं तक की 151 छात्राएं इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ ली। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम को भविष्य के लिए लाभदायक बताया। बच्चों का कहना है कि आज समाज में विभिन्न प्रकार की घटनाएं घटित हो रही है और आज बालिका वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं। इस कार्यक्रम से प्रशिक्षित बच्चों को ना केवल आत्मविश्वास मिला है बल्कि वह अपनी सुरक्षा कर पाने में भी समर्थ हो रही है, आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी सुरक्षा कर पाएंगी। बताते चले कि इस वर्ष भी 30 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखकर समग्र शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा के लिए बच्चियों को प्रशिक्षण दिया गया। पलकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहने के लिए प्राचार्य से आग्रह किया।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर बुधवार 05 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

शराब नीति में हेरा-फेरी

आम आदमी पार्टी (आप) के क्रियाकलाप पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट अंतत- दिल्ली विधानसभा के पटल पर रख दी गई। कुल चौदह मामलों पर कैग ने रिपोर्ट तैयार की हैं, लेकिन जिस रिपोर्ट पर सबकी नजर लगी थीं, वह आबकारी नीति के संबंध में है। इस रिपोर्ट में शराब नीति को लेकर कोई व्यवस्था जितनी तरह की लापरवाहियां बरत सकती है, जितनी तरह की अनियमितताएं कर सकती है, और विभिन्न हित समूहों के लिए भ्रष्टाचार की जितनी गुंजाइशें छोड़ी जा सकती हैं, उन सबका उल्लेख किया गया है। पुरानी नीति की प्रक्रियागत खामियों को दूर करने के लिए ही नई नीति का मसौदा तैयार किया था लेकिन नई नीति के क्रियान्वयन में विशेषज्ञ समिति के अनेक सुझावों को दरकिनार किया गया। दिल्ली में शराब वितरण केंद्रों की न केवल संख्या बढ़ा दी गई, बल्कि वितरण उन क्षेत्रों में भी पहुंचा दिया गया जहां पहले प्रतिबंधित था यानी स्कूल और आवासीय परिसरों के निकट। उत्पादन और वितरण की एजेंसियों का भी मनमाने ढंग से चयन किया गया। उन संस्थाओं को ठेके दे दिए गए जो पात्रता नहीं रखती थीं और रखती भी थीं तो उन्हें जरूरत से ज्यादा खुदरा विक्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए। रिपोर्ट में यह उल्लेख स्पष्ट है कि शराब नीति में हेरा-फेरी और उसके क्रियान्वयन में जो तौर-तरीके अपनाए गए उनके चलते लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान दिल्ली सरकार को हुआ। यह तभी हो सकता है, जब नुकसान की राशि का कुछ न कुछ हिस्सा उन लोगों के पास पहुंचा हो जिन्होंने नुकसान होने दिया और इसी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए जांच की स्थितियां तैयार कीं जिसके कारण तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जैसे लोगों को जेल जाना पड़ा। यह रिपोर्ट लोक लेखा समिति को भेज दी गई है। उसकी रिपोर्ट मिलने पर शेष स्थितियां उजागर होंगी। लेकिन आप की सरकार अपने ऊंचे-ऊंचे वादों, विचारों के पैमानों पर असफल हुई और दुखद यह है कि पराजय के बाद भी उसके नेताओं ने सबक नहीं लिया है। वे शुद्ध राजनीति पर लौटने की बजाय हंगामा खड़ा करने में अब भी ज्यादा भरोसा किए हुए हैं।

चुनाव आयुक्तों के चयन से जुड़ी चिंताएं

राज कुमार सिंह

नव नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पदभार संभालने से पहले ही सवालों में घिर गए हैं। नियुक्ति-प्रक्रिया से जुड़े ये सवाल उनकी निष्पक्षता और स्वतंत्रता को संदेहास्पद बनाने वाले हैं। ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति नव नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पदभार संभालने से पहले ही सवालों में घिर गए हैं। नियुक्ति-प्रक्रिया से जुड़े ये सवाल उनकी निष्पक्षता और स्वतंत्रता को संदेहास्पद बनाने वाले हैं। ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति नए कानून के मुताबिक 17 फरवरी को हुई। हरियाणा के मुख्य सचिव विवेक जोशी भी नए चुनाव आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। बड़ा सवाल तो विपक्ष यही उठा रहा है कि जब नियुक्ति से जुड़े नए कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय में 19 फरवरी को सुनवाई है, तब इस नियुक्ति की जल्दबाजी क्यों? 17 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नामित कैबिनेट मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी तर्क के साथ अपनी असहमति की टिप्पणी देकर निकल भी गए थे। फिर भी, ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने की अधिसूचना जारी कर दी गई। एक संयोग यह भी है कि चुनाव आयुक्त के रूप में भी ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति 14 मार्च, 2024 को अचानक कर दी गई थी। निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्त रहे अनूप चंद्र पांडेय 14 फरवरी को रिटायर हो चुके थे, तो लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले 9 मार्च को दूसरे चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अचानक इस्तीफा दे दिया। तब सवाल पूछा जा रहा था कि क्या अकेले राजीव कुमार लोकसभा चुनाव करा सकेंगे ?याद नहीं पड़ता कि टीएन शेषन के बाद किसी चुनाव आयुक्त या मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल निर्विवाद गुजरा हो। एक अनुशासित नौकरशाह की छवि वाले शेषन अपनी सख्ती से तमाम राजनीतिक दलों के लिए आतंक-सा बन गए थे। बेशक, देश भर में शेषन की साख और जनता के बीच भी सम्मान, उसके बाद चुनाव आयोग के लिए बेहद कठिन कसौटी बन गए हैं। यह स्वाभाविक तो है, पर सवाल भी पैदा करता है कि चुनाव आयोग की स्वतंत्रता व निष्पक्षता पर सवाल और संदेह हमेशा विपक्ष की ओर से ही उठते हैं, जबकि सत्ता पक्ष को वह आदर्श संस्था नजर आता है। आज कांग्रेस चुनाव आयोग की साख को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित नजर आती है, लेकिन राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही चुनाव आयोग को एक से तीन सदस्यीय बना दिया गया था, ताकि अंकुश और संतुलन की गुंजाइश बनी रहे। दरअसल, चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्तों की संख्या को लेकर संविधान मौन है। संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं, जिनकी संख्या राष्ट्रपति पर निर्भर करेगी। इसलिए, आजादी के बाद देश में सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त ही रहे। नौवीं लोकसभा के चुनाव से पहले 16 अक्तूबर, 1989 को राजीव गांधी सरकार ने दो और चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिए, जिससे आयोग बहु-सदस्यीय संस्था बन गया। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त आरवीएस पेरीशास्त्री पर अंकुश लगाने के लिए ऐसा किया गया। सांविधानिक संस्था चुनाव आयोग से सत्ता का खिलवाड़ आगे भी जारी रहा। केंद्र में सत्ता परिवर्तन के साथ व्यवस्था फिर बदली। 2 जनवरी, 1990 को विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने चुनाव आयोग को फिर एक सदस्यीय बना दिया। फिर जब 1991 में पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में कांग्रेस की केंद्रीय सत्ता में वापसी हुई, तो 1 अक्तूबर, 1993 को मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो चुनाव आयुक्त नियुक्त कर चुनाव आयोग को तीन सदस्यीय बना दिया गया। शायद बहु-सदस्यीय चुनाव आयोग बाद की सरकारों को भी उचित लगा, इसलिए यह व्यवस्था जारी है। ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित सुनवाई के अलावा,सरकार से उनकी निकटता के चलते भी सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू पर भी उत्तराखंड कैडर के चलते सवाल उठाए जाते रहे हैं, तो अब नियुक्त दूसरे चुनाव आयुक्त विवेक जोशी को भी सरकार का विश्वस्त माना जाता है। वैसे, एक दिलचस्प आकलन यह भी है कि साल 2029 में होने वाले अगले लोकसभा चुनाव के समय विवेक जोशी मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे, क्योंकि ज्ञानेश कुमार 27 जनवरी, 2029 को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ठीक इसी तरह की गणना को लेकर सवाल भारतीय जनता पार्टी ने तब उठाए थे, जब 2005 में तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने नवीन चावला को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था। चावला के मुख्य चुनाव आयुक्त काल में ही साल 2009 के आम चुनाव हुए। उन पर, खासकर पत्नी रुपिका की कांग्रेस से निकटता को लेकर सवाल उठाए गए थे। और अतीत में झांकें, तो शेषन की सेवानिवृत्ति के बाद 1996 से 2001 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे मनोहर सिंह गिल को कांग्रेस ने न सिर्फ राज्यसभा सदस्य, बल्कि मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री भी बनाया। जाहिर है, चुनाव आयोग सरीखी सांविधानिक संस्था में अपने अनुकूल व्यक्तियों की नियुक्ति में संकोच किसी भी सत्तारूढ़ दल ने कभी नहीं किया, पर जब वही दल विपक्ष की भूमिका में आता है, तो उसे आयोग की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता की चिंता सताने लगती है। इस सांविधानिक संस्था में नियुक्ति की बाबत सात दशक तक किसी कानून का न होना भी सवाल खड़े करता है। कानून न होने के चलते सत्तारूढ़ दल पसंदीदा नौकरशाहों को चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त बनाते रहे, जिनका आचरण अक्सर सवालों व संदेह के दायरे में रहा, इसीलिए यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक गया। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 2 मार्च, 2023 को दिए फैसले में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तब तक प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश का पैनल करेगा, जब तक कि इस बाबत संसद कोई कानून नहीं बना लेती। संसद ने वह काम 21 दिसंबर, 2023 को कर दिया। संसद द्वारा बनाए गए कानून में नियुक्ति पैनल से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा नामित कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया है। विपक्ष समेत कुछ संगठनों की मुख्य आपत्ति यही है कि पैनल में सत्ता पक्ष के बहुमत से फिर नियुक्ति-प्रक्रिया संदेहास्पद हो गई है। बहरहाल, इस पूरे घटनाक्रम में सबके अपने-अपने तर्क हो सकते हैं, लेकिन साझा चिंता चुनाव आयोग की विश्वसनीयता की होनी चाहिए, जिसके बिना चुनाव-प्रक्रिया पर सवाल और संदेह से नहीं बचा जा सकता।

आलेख

वैश्विक राजनीति में तरक्की पसंदगी का दौर खत्म...

शरुति व्यास

दुनिया रूढिवाद के सैलाब में डूब-उतरा रही है। मध्यमार्गी बेचारे' हो चले हैं। वे मध्य-दक्षिणपंथियों और लोकलुभावनवादी दक्षिणपंथियों से पिट रहे हैं। जर्मनी इस सैलाब का सबसे नया शिकार है। वहां की मध्य-दक्षिणपंथी क्रिस्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी (सीडीयू) के नेता फ्रीड्रेक मर्त्ज़ का देश का अगला चांसलर बनना तय है। हालांकि मतदाताओं का दक्षिणपंथियों की ओर झुकाव अनुमानों से कम है, फिर भी यह जबरदस्त है। रूढिवादियों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संकल्प लिया था कि उनसे अधिक दक्षिणपंथी कोई भी दल चुनावों में कामयाबी हासिल नहीं कर सकेगा। अब यह साफ है कि वे अपने संकल्प को पूरा करने में नाकामयाब रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर रूढिवादी सीडीयू/सीएसयू ने अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की है। और अति-दक्षिणपंथी एएफडी दूसरे स्थान पर रही है। लेकिन जर्मनी के ये नतीजे न तो आश्चर्यजनक है और ना ही धक्का पहुंचाने वाले हैं। सारी दुनिया में निराशा, मोहभंग और सार्वभौम मूल्यों के प्रति बगावत का माहौल है। इससे उग्र-दक्षिणपंथी और व्यवस्था-विरोधी दलों की ताकत में इजाफा हुआ है। स्थापित राजनीति को लेकर निराशा और मायूसी है, विशेषकर युवाओं में। अध्ययनों और रायशुमारियों में दावा किया गया है कि युवा आजादी (अर्थात उदारवाद) की बजाए अंकुशों (यानि रूढिवादिता) के अधिक पक्षधर हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था ग्लोकेलाईटिस द्वारा 2024 में किए गए अध्ययन से पता लगता है कि 2014 से 2023 के बीच, कुल मिलाकर दुनिया अधिक उदारवादी बनी। हालांकि वह इसके साथ-साथ अधिक निराशावादी भी हो गई थी। इसका नतीजा यह हुआ कि सभी महाद्वीपों में उग्र-दक्षिणपंथी मतदाताओं की छवि बदल रही है, और अति दक्षिणपंथ के प्रति समर्थन युवावर्ग में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। इसकी वजह तो साफ़ है, हालांकि इसे समझना आसान नहीं है। उनकी सोच में ढेर सारी कमियां है, पाखंड है क्योंकि उनकी कोई विचारधारा ही नहीं है। युवा पंथनिरपेक्ष नजर आना चाहते हैं, और यह नहीं चाहते कि उन पर जेनोफोबिक (विदेशियों से नफरत करना वाला) होने का ठप्पा लगा दिया जाए। लेकिन वे प्रवासियों के खिलाफ हैं, और भारत के मामले में मुसलमानों और उनकी संस्कृति के। वे महसूस करते हैं कि पुराने राजनैतिक दल मुसलमानों के अधिक पक्षधर रहे हैं। जिन नौकरियों और घरों पर उनका हक था, वे अल्पसंख्यकों को दे दी गईं और उन्हें तकलीफ झेलने के लिए छोड़ दिया गया। वे महसूस करते हैं कि उनकी ओर से मुंह फेर लिया गया है, उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। इसलिए उन्हें उनकी भावनाओं के अनुकूल बातों और प्रोपेगेंडा से राहत महसूस होती है। उन्हें लगता है कि वे सही सोच रहे हैं। उनकी नजरों में दक्षिणपंथी ही ठीक बात कर रहे हैं। दक्षिणपंथ की ओर आए इस झुकाव ने लोकतंत्र के प्रति आस्था को और धक्का पहुंचाया है। केब्रिज के शोधकर्ताओं द्वारा 2020 में 160 देशों के लोगों के रवैयों का अध्ययन किया गया। अध्ययन में यह पाया गया कि युवा पीढ़ी का लोकतंत्र से अधिकाधिक मोहभंग होता जा रहा है। और पीयू रिसर्च सेंटर के मुताबिक 12 उच्च आय वाले देशों के करीब दो-तिहाई नागरिक लोकतंत्र से असंतुष्ट थे। यह अनुपात 2017 में आधे से भी कम था। तेजी से बदलते समय ने पुरानी यादों को धुंधला कर दिया है। 1930 के दशक के फासीवाद, जिसके चलते व्यापक नरसंहार वाला विनाशकारी युद्ध हुआ था, को दुनिया भूल चली है। तानाशाही और अति-दक्षिणपंथी अतिवाद अब पहले जितना कलंकित नहीं रहा। 1970 के दशक में ट्रंप, मिलोनी, और मोदी जैसे नेताओं को हिटलर और मुसोलनी का अवतार समझा जाता। लोग उनसे डरते, उनसे नफरत करते। लेकिन अब अधिनायकवादी लोगों की तानाशाही का भय नहीं है, बल्कि अब अल्पसंख्यकों, मुसलमानों को अधिकार और शक्ति दिए जाने के प्रति डर है। देश की सीमाओं के बाहर से आने वालों के प्रति भय है। समय बदलता रहता है। एक समय स्टेटसमैनों' का था। जब विविधता, समानता, समावेशिता, पूंजीवाद और आजादी के मूल्यों का बोलबाला था। यह वह दौर भी था जिसमें रूढ़िवादी विचारों को खारिज किया जाता था। बहुसंख्यक वर्ग महसूस करता था कि उसे दूसरों से अधिक हक़ नहीं होने चाहिए। आज राजनैतिक माहौल बदल रहा है। दक्षिणपंथ की ओर झुकाव में जनता खुद को महफूज़ महसूस करती है।

राहुल की विचारधारा बदली,लाइन भी अलग

हरिशंकर व्यास

राहुल गांधी 35 साल की उम्र में 2004 में सांसद बने थे। तब से यानी पिछले 20 साल से अपनी टीम बनाने की कोशिश में हैं। एक बार उन्होंने 2009 में राजकुमारों की टीम बनाई थी, सबको मंत्री बनाया था लेकिन उनमे से ज्यादातर लोग कांग्रेस छोड़ कर चले गए। परंतु उनकी इस राजनीति का नतीजा यह हुआ है कि सोनिया गांधी की टीम बनाम राहुल गांधी की टीम यानी पुराने और नए नेताओं का झगड़ा स्थायी बना। अब जबकि कांग्रेस के ज्यादातर पुराने नेताओं का या तो निधन हो गया है या वे रिटायर है या हाशिए में चले गए है तो राहुल गांधी फिर नई टीम बना रहे हैं। इस बार उनकी विचारधारा भी बदली हुई है, राजनीतिक लाइन भी अलग है और चेहरे भी अलग हैं। उनकी राजनीति को समझाने के लिए बिहार कांग्रेस के एक बहुत पुराने नेता, जो डॉक्टर जगन्नाथ मिश्र के बहुत करीबी रहे नेता ने कहा है कि वामपंथी राजनीति देश में लगभग खत्म हो गई है, केरल के अलावा अगर वह कहीं बची है तो राहुल गांधी की टीम में बची है। पता नहीं यह बात पूरी तरह से सही है या नहीं लेकिन इतना दिख रहा है कि वामपंथी विचारधारा से जुड़े या एनजीओ के अंदाजा में काम करने वाले युवा राहुल गांध की कोर टीम में जुड़े हैं। खुद राहुल गांधी जाति गणना कराने, आरक्षण की सीमा 50 हजार से ज्यादा करने, आबादी के अनुपात में राजनीतिक व प्रशासनिक पद देने आदि के विचार में काम कर रहे हैं। अपनी इसी समझ में वे टीम चुन रहे हैं। नेताओं की योग्यता, उनकी क्षमता, राजनीतिक अनुभव, जनता के साथ संपर्क आदि को दरकिनार करके वे उन लोगों को संगठन में आगे बढ़ा रहे हैं, जिन लोगों का विचार है कि आरक्षण की सीमा 75 फीसदी होनी चाहिए। पार्टियों के संगठन के पद जाति व धर्म के आधार पर भरे जाने चाहिए। प्रशासनिक सेवाओं से लेकर मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में ओबीसी, दलित, आदिवासी को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसी सोच में उन्होंने 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति कराई है। इनमें आठ नेता ओबीसी, दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ये सभी नेता स्वाभाविक प्रक्रिया से निकल कर ऊपर तक पहुंचे हैं और किसी पूर्वाग्रह की वजह से पहले उनको जिम्मेदारी नहीं मिल रही थी। दो प्रदेशों में पिछड़ा और दलित अध्यक्ष बनाने के बाद 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति को देख कर लग रहा है कि कैसे रैंडम तरीके से नेता चुने जा सकते हैं और उन्हें जिम्मेदारी दी जा सकती है। नई नियुक्तियों में कोई तारतम्य नहीं दिख रहा है। तेलुगू भाषी व्यक्ति को झारखंड और कन्नड़ भाषी व्यक्ति को बिहार का प्रभारी बनाने के पीछे क्या सोच हो सकती है, यह कोई नहीं बता सकता है। अब तक परदे के पीछे से काम कर रहे लोगों को घनघोर राजनीति करने वाले राज्यों में प्रभारी बना कर भेजने के पीछे भी क्या सोच है, यह कोई नहीं बता पाएगा। बरसों से इस बात की चर्चा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को कांग्रेस की परंपरा से निकले नेताओं को आगे लाना चाहिए। जैसे भाजपा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रशिक्षण से निकले नेता भाजपा संगठन में रोल निभा रहे हैं। वे कितने योग्य और सक्षम हैं यह अलग बात है लेकिन कम से कम एक पृष्ठभूमि है। लेकिन कांग्रेस में एनएसयूआई की पाठशाला से निकला शायद ही कोई नेता संगठन में अहम पदों पर होगा। राहुल गांधी ने तो एनएसयूआई यानी कांग्रेस की राजनीति की नर्सरी का ही प्रिंसिपल सीपीआई से आए कन्हैया कुमार को बना दिया है। कन्हैया एनएसयूआई के प्रभारी हैं। भाजपा में तो समझ में आ रहा है कि 50 से 55 साल के नेताओं और पहली, दूसरी बार के विधायकों, सांसदों को अहम जिम्मेदारी इसलिए दी जा रही है ताकि वे चुनौती नहीं बन सकें। कांग्रेस में तो ऐसा कोई खतरा नहीं है। नेहरू, गांधी परिवार के लिए कोई चुनौती नहीं बन सकता है। वहां आरएसएस जैसी किसी संस्था की पसंद, नापसंद का ख्याल भी नहीं रखना है। फिर क्यों मजबूत नेताओं की जगह परदे के पीछे काम करने वालों को निजी निष्ठा के आधार पर नियुक्त किया जा रहा है? समस्या यह भी है कि राहुल गांधी, जिसको चुन देते हैं या कहीं बैठा देते हैं तो वह सुप्रीम हो जाता है। वह किसी को कुछ नहीं समझता है। दिल्ली में प्रभारी के अलावा किसी की बात नहीं सुनी जाती है। जैसे महाराष्ट्र में नाना पटोले अध्यक्ष बने तो बाकी सारे नेता हाशिए में डाल दिए गए। पटोले खुद ही सीएम दावेदार हो गए। ऐसे ही मध्य प्रदेश में पहले कमलनाथ थे और अब जीतू पटवारी हैं। छत्तीसगढ़ में जो हैं सो भूपेश बघेल हैं और हरियाणा में सब कुछ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हवाले था। तेलंगाना के सारे फैसले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हवाले छोड़े गए हैं तो हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू को ऐसी ताकत दी गई कि वीरभद्र सिंह का परिवार नाराज हुआ। प्रदेश अध्यक्ष या मुख्यमंत्री या प्रभारी इनके अलावा प्रदेश की राजनीति में किसी की नहीं चलती है। कोई स्वतंत्र फीडबैक नहीं ली जाती है। अभी तक यह सिस्टम चल रहा है कि अगर प्रदेश का कोई नेता इन तीन के खिलाफ शिकायत करे तो घूम फिर कर वह शिकायत इन्हीं के पास पहुंच जाती है। राहुल अपनी कोर टीम के सदस्यों को फील्ड की राजनीति के लिए भेज रहे हैं और उनके अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे या प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रति निजी निष्ठा वालों को महत्वपूर्ण पद दिए जा रहे हैं। इससे दूसरी लाइन खड़ी नहीं होगी। स्वाभाविक राजनीति से जो नेता निकले हैं उनकी बड़ी तादाद अब भी है। कांग्रेस उन्हीं के दम पर भाजपा को चुनौती दे सकती है। लगभग हर राज्य में कांग्रेस के पास ऐसे नेता हैं।

हमेशा बना रहता मातृभाषा का महत्व....

सुनील कुमार महला

हर साल फरवरी में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। मातृभाषा का मतलब है, ऐसी भाषा, जिसे हम जन्म लेने के बाद सबसे पहले सीखते हैं। मैथिलीशरण गुप्त ने कहा भी है, 'है भव्य भारत ही हमारी मातृभूमि हरी भरी। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और लिपि है नागरी।' सरल शब्दों में कहें, तो मातृभाषा की जगह दुनिया की कोई भाषा नहीं ले सकती। यही हमारी क्षमताओं को अच्छी तरह से निखारती है, जिसके कारण मातृभाषा में ही हर बच्चेको शिक्षित करने की बात बार-बार कही जाती है। दक्षिण अफ्रीकी क्रांति के महानायक नेल्सन मंडेला ने कहा था, यदि आप किसी व्यक्ति से उस भाषा में बात करते हैं, जिसे वह समझता है, तो वह बात उसके दिमाग में बसती है और, अगर आप उससे उसकी भाषा में बात करते हैं, तो वह उसके दिल तक जाती है। सच यही है कि मातृभाषा हमारी असली पहचान है। भारत को अगर एकता के सूत्र में बांधना है, तो हमें अपनी मातृभाषा को उचित सम्मान देना ही होगा, साथ ही, हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व की अनुभूति भी करनी होगी। मातृभाषा से ही हमारे राष्ट्र और समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। हरिऔध ने कहा है- 'कैसे निज सोये भाग को कोई सकता है जगा, जो निज भाषा अनुराग का अंकुर नहिं उर में उगा। मातृभाषा का महत्व हर वक्त बना रहता है। सैयद अमीर अली मीर ने कभी कहा था, देश में मातृभाषा के बदलने का परिणाम यह होता है कि नागरिक का आत्मगौरव नष्ट हो जाता है, जिससे देश का जातित्व गुण मिट जाता है। सच तो यह है कि मातृभाषा मनुष्य के विकास की आधारशिला है। यह मातृभाषा ही है, जिसके माध्यम से हम भावों की अभिव्यक्ति और विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। यह हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देशप्रेम की भावना संचारित करती है। यह सामाजिक व्यवहार और सामाजिक अंत:क्रिया का आधार है। यही कारण है कि प्राय: सभी समाज अपनी शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को ही बनाते हैं। हमारे यहां भी नई शिक्षा नीति में मातृभाषा पर खास जोर दिया गया है और यह स्वीकार किया गया है कि नौनिहालों को मातृभाषा में ही शिक्षित करना फायदेमंद है। आज जब दुनिया के तमाम देश अपनी-अपनी भाषा में शोध-अनुसंधान को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हम क्यों नहीं ऐसा कर सकते? हमें भी

मातृभाषा पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना चाहिए और उसमें बुनियादी शिक्षा-दीक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें इसी राह पर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। दशकों से हम सुनते आए हैं कि मातृभाषा में शिक्षा से ही किसी छात्र की प्रतिभा का तेजी से विकास होता है। मगर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बावजूद हमारे देश में ऐसा संभव नहीं दिखता। एक तो पढ़ाई के माध्यम (भाषा) की समस्या और उससे भी ज्यादा 'दोहरी शिक्षा व्यवस्था'! एक तरफ गांव और शहर के गरीबों या आम मेहनतकश लोगों के बच्चों के लिए हिंदी मीडियम वाले सरकारी या गैर-सरकारी स्कूल और दूसरी तरफ अमीरों, अफसरों और बड़े नेताओं के बच्चों के लिए महंगे अंग्रेजी माध्यम के पब्लिक स्कूल! दिलचस्प यह भी कम नहीं है कि अपने देश में महंगे निजी स्कूलों को 'पब्लिक स्कूल' कहा जाता है! जबकि, हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं, 'मातृभाषा में शिक्षा भारत में छात्रों के लिए न्याय के एक नए रूप की शुरुआत है, यह सामाजिक न्याय की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण कदम है।' उनकी इस सोच में कोई समस्या नहीं है, बशर्ते यह धरातल पर उतरे। सवाल है कि पूरे देश में मातृभाषा में शिक्षा देने वाले कितने सरकारी स्कूल खोले गए और कितने बंद हुए? हमारे माननीयों के बच्चों को किन स्कूलों में शिक्षा मिल रही है? वे किस भाषा में शिक्षित हो रहे हैं? कितने गणमान्य लोगों के परिवारों के बच्चे मातृभाषा में या सरकारी स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं? कितने ऐसे गणमान्य लोग हैं, जिनके बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षित हो रहे हैं? बेहतर होगा, सरकारी स्तर पर ये आंकड़े प्रकाशित किए जाएं। कहने का मतलब है कि जब तक 'दोहरी शिक्षा-व्यवस्था' खत्म नहीं की जाती, तब तक मातृभाषा में शिक्षा देने का सपना हकीकत नहीं बन सकता। हमारे गांव में अंग्रेजी को लेकर ऐसी दीवानगी है कि हिंदी के वाक्यों में जब तक अंग्रेजी शब्द न शामिल किए जाएं, मानो ज्ञान का पदार्पण ही नहीं होता है। झगड़े का तापमान भी अंग्रेजी के शब्दों की अधिकता से नापी जाती है। अब तो शराबबंदी है, वरना दूसरे पैग से ही अंग्रेजी मातृभाषा का स्थान पा लेती थी। मैथिली विषय के प्रोफेसर के घर अंग्रेजी का अखबार रोज आता है। आज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ अमरनाथ झा की कही बात, जो कभी किसी ने सुनायी थी, याद आ रही है- झा साहेब जब किसी भाषा में बोलते थे, तो वह दूसरी भाषा के शब्द उसमें प्रयोग नहीं करते थे। एक बार हिंदी के एक प्रसिद्ध कथाकार ने उनसे अंग्रेजी मिश्रित हिंदी में बात की।

संक्षिप्त समाचार

आगामी 23 मार्च से विशाल गिरनार यात्रा

श्री जमनालाल हपावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्लोबल महासभा, मुंबई
श्री धन्य कुमार जिनप्पा गुंडे पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सदस्य
श्री प्रकाश मोदी डायरेक्टर, पारस चैनल
श्री प्रदीप जैन दैनिक विश्व परिवार,रायपुर
2 मार्च 2025 शिरसाड, मुंबई पंचकल्याणक

शिरसाड (विश्व परिवार)। आगामी 23 मार्च से विशाल गिरनार यात्रा निकल जाने के विश्व जनसंख्या के अभियान वह सफल बनाने हेतु 2 मार्च 2025 को पंचकल्याणक महोत्सव में जमनालाल हपावत जी राष्ट्रीय अध्यक्ष-ग्लोबल महासभा, श्री गुंडे जी पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सदस्य, प्रकाश मोदी जी डायरेक्टर-पारस चैनल और प्रदीप जैन दैनिक विश्व परिवार, रायपुर से गिरनार जी धर्म पद यात्रा के विषय में चर्चा की और सभी ने पद यात्रा का पूर्ण समर्थन करते हुए पूर्ववत सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। उक्त जानकारी विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन दिल्ली सहित राहुल पांड्या, दुलारेश जैन विश्व जैन संगठन, मुंबई ने दी।

सतनाम युवा सेवा समिति ने कराया गिरौदपुरी मेला यात्रियों को स्वल्पाहार

आरंग (विश्व परिवार)। मंगलवार को सतनाम युवा सेवा समिति ग्राम चरौदा के युवाओं ने गिरौधपुरी मेला जाने वाले यात्रियों को पोहा, चना का स्वल्पाहार कराकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दिए। समिति के सदस्यों ने बताया यह समिति विगत छः वर्षों से गिरौदपुरी मेले जाने वाले यात्रियों के लिए स्वल्पाहार व जल की व्यवस्था करते हैं। प्रति वर्ष इस मार्ग से हजारों यात्री गिरौदपुरी मेले के लिए गुजरते हैं। वहीं इन युवाओं की पहल की गिरौदपुरी धाम मेले यात्रियों सहित ग्रामीणों ने सराहना कर रहें हैं।

ब्राइट फ्यूचर के लिये जीवन को संस्कारों के संकल्प से बांधे : मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज

भोपाल (विश्व परिवार)। शहर के जैन मंदिरों में मुनि प्रमाण सागर महाराज मुनि निर्वेग सागर महाराज मुनि संधान सागर महाराज संघ सहित राजधानी के मंदिरों की वदना कर रहे हे, मंदाकिनी जिनालय से शाहपुरा जिनालय आए श्री पार्श नाथ भगवान का अभिषेक पूजा अर्चना के बाद धर्म सभा में मुनि प्रमाण सागर जी ने कहा वर्तमान में युवा अपने फ्यूचर को लेकर बहुत चिंतित है अपने उज्जवल भविष्य ब्राइट फ्यूचर के लिए जीवन को अनुशासन के साथ संकल्प में बनाएं अपने चरित्र संस्कृति और संस्कारों को पहले प्राथमिकता दें उसके बाद अन्य कुछ और मुनि श्री ने जीवन को उज्वल और आनंद मय बनाने के सूत्र दिए,, प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया समाज जनों ने पाद प्रक्षालन के बाद शास्त्र भेंट किए इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष दीप जैन महामंत्री संतोष जैन समाजसेवी राजेश भारील्य गुनायतन केप्रचार मंत्री अनुभव सराफ राजेश जैन कोयला अमित मोदी जिनेंद्र जैन पवन कटनेरा सहित अनेक लोग थे। **-अंशुल जैन**

संसार का प्रत्येक जीव सुख शांति समृद्धि चहता है उसके अनुसार पुरुषार्थ करें : मुनिश्री अविचल सागर जी

अशोक नगर (विश्व परिवार)। संसार का प्रत्येक जीव सुख शांति समृद्धि चाहता है जव तक जीवन है सभी भौतिक सुख चाहते है सुख चाहने वाला व्यक्ति धर्म कार्य में उत्साह पूर्वक सामिल भी होता है ये हम सब देखते हैं हम ऐसा भी भाग्य का निर्माण कर सकते जिससे कि आप राख में हाथ डाले तो सोना वन जाये ये कोई नहीं चाहता नहीं है सुख सभी चाहते हैं और चाहते हैं कि वे संसार के सबसे सुखी सम्पन्न व्यक्ति वने इसके लिए समुचित पुरुषार्थ करने की आवश्यकता है सिर्फ चाहने से सब कुछ मिलने वाला नहीं है इन सब के लिए सतत् पुरुषार्थ करने की जरूरी है जो इस दिशा में अभी से लग जाने की आवश्यकता है उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

समारोह का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम तपस्वी मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने दया भावना फाउण्डेशन के माध्यम से घायल गायों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रेरणा दी और आचार्य श्री के प्रथम समाधि दिवस से यह चिकित्सा सेवा हमारे युवा साथियों द्वारा किया जा रहा है पूज्य गुरुदेव इस दिशा में आज दोपहर में पंचायत कमेटी की बैठक रखी गई है जिसमें हम आचार्य श्री विद्यासागर गो चिकित्सालय को नवीन विशाल अस्पताल के रूप में बदलना है अशोक नगर जैन समाज श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी इस क्षेत्र में काम करने के लिए आपका आशीर्वाद चाहतीं हैं। इसके पहले आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई विपिन सिंघई डॉ राकेश जैन हेमंत टडैया दारा किया। **-विजय धुर्रा**

जयपुर के यात्रा दल ने दुबई में भगवान महावीर के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के साथ दुबई अजमान के दिगम्बर जैन मंदिर में किये अभिषेक

जयपुर (विश्व परिवार)। मानव एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी विश्व की सबसे बड़ी दम्पति सदस्यों की संस्था जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन मुम्बई की 196 वीं शाखा जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर एवं मानव सेवा के लिए समर्पित ऋषभ सेवा संस्थान सूर्य नगर तारों की कूट जयपुर के तत्वावधान में जयपुर से दुबई - आबूधाबी भ्रमण के लिए आये सात दिवसीय यात्रा दल ने दुबई में भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा एवं शाकाहार के प्रचार-प्रसार के साथ दुबई अजमान में स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन किया। इस मौके पर दुबई जैन समाज की ओर से दल के सदस्यों का भाव भीना स्वागत किया गया।

दल में शामिल विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर, सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था एवं ऋषभ सेवा संस्थान एवं अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा समाज हित में की जा रही गतिविधियों से उपस्थित दुबई के समाज बन्धुओं को अवगत कराया गया। सभी ने तालियां बजाकर जयपुर जैन समाज की गतिविधियों की अनुमोदना करते हुए जयपुर जैन समाज एवं इन सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों की प्रशंसा की। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर प्रकाशित की जाने वाली महावीर जयन्ती स्मारिका स्थानीय जैन बन्धुओं को भेट की गई। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिर जी में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा तथा अन्य तीर्थंकरों के 4 जिनबिम्ब विराजमान है। भगवान का समवशरण बहुत ही सुन्दर बना हुआ है। मंदिर जी की सारी व्यवस्थाऐं भी बहुत अच्छी लगी। **-विनोद जैन**

सिद्ध भगवान का समुदाय सिद्धचक्र कहलाता है, विधान में पूजन द्वारा सिद्ध भगवान का गुणानुवाद किया जाता है

नगर के व्यवसाई भंवर लाल सरिया ने दीक्षा हेतु किया निवेदन : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी धरियावद विराजित हैं नगर के व्यवसाई श्री भंवर लाल सरिया ने दीक्षा हेतु आचार्य श्री को निवेदन किया आपके पिता ने भी सन 1979 में दीक्षा लेकर मुनि श्री उदय सागर जी बने थे आपकी समाधि 1980 में हुई।आचार्य श्री ने पूजन के दौरान चढ़ाए जाने वाले द्रव्य किस आशय से चढ़ाए जाते हैं उन गुणों बाबद सरल भाषा में बताया। जो सिद्ध भगवान का गुणागुवाद किया जाता है, उनकी प्रशंसा की जाती है उसकी विवेचना करते हुए बताया कि जो संसार के बंधनों से छूट गए हैं जिनमें अनंत दर्शन, अनंत ज्ञान, अनंत सुख और अनंत वीर्य प्रकट हो गए हैं, जो द्रव्य कर्म, भाव कर्म, और नौ कर्म से सर्वथा रहित हो गए हैं उन्हें सिद्ध कहते हैं। ऐसे अनंत सिद्ध परमात्मा लोक के अग्रभाग में विराजित हैं सिद्ध भगवान का समुदाय ही सिद्धचक्र कहलाता है।

यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रगट की। वीणा दीदी, गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री उपदेश में बताया कि सिद्धचक्र विधान में सिद्धदशा प्रकट करने का विधान अर्थात उपाय बताते हुए सिद्धों का गुणानुवाद किया गया है ज्ञानी का परम लक्ष्य पूर्ण सुख प्रकट करना है अर्थ अतः उसके हृदय में पूर्ण सुखी अरिहंत और सिद्ध परमेष्ठी के गुणानुवाद के माध्यम से अपने लक्ष्य के प्रति सतर्क रहते हुए अशुभ भावों से सहज बच जाते हैं। सिद्ध चक्र विधान से अनेक रोग शारीरिक रोग तो दूर होते हैं जब से आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज धरियाबाद संघ सहित पधारे हैं।

अब वर्षाकाल तो समाप्त हो गया है किंतु नगर में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के पधारने के बाद से लगातार धार्मिकअनुष्ठान, उपदेश, स्वाध्याय, धर्म के शिक्षण संस्कार शिविरों के माध्यम से सतत धर्म की वर्षा हो रही है। संघ आगमन के बाद 52 साधुओं की उपस्थिति को चिर स्थाई रखने के लिए 52 जिनालय निर्माण का संकल्प नंदनवन, हिमवन विहार कर आचार्य श्री अजित सागर जी स्मृति हेतु चिकित्सा भवन हेतु आचार्य श्री सानिध्य में शिलान्यास हुआ। धार्मिक कार्यक्रमों में समाज के सभी उम्र के लोगों द्वारा शामिल होकर ज्ञान में वृद्धि हो रही हैं। इसी अगली कड़ी में मूल नायक श्री चंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक विशेष कार्यक्रमों सहित 6 मार्च को मनाया जाएगा जिसमें भगवान का अनेक प्रकार के फलों, सूखे मेवे दूध, दही, धी, केशर, चंदन, पुष्पों से पंचामृत अभिषेक होगा।फागुन शुक्ला अष्टमी 7 मार्च से 14 मार्च तक आचार्य श्री वर्धमान सागर जी, मुनि श्री पुण्य सागर जी संघ के 52 साधुओं के मंगल सानिध्य ओर संहिता सूरी पंडित हंसमुख जी, ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी के निर्देशन में श्री चंद्रप्रभु जिनालय में सिद्धचक्र मंडल विधान के माध्यम से चयनित सौभाग्य शाली इंद्र परिवारों द्वारा पूजन की जावेगी।

कैबिनट मंत्री ने सोन कुमार सिन्हा को समाज के जिला उपाध्यक्ष पद हेतु दिलाई शपथ

डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज के जिला पदाधिकारीयो के शपथ ग्रहण समारोह में पहुँचे छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में सिन्हा समाज के द्वारा प्राकशित डड़सेना ज्योति एवं डड़सेना संदेश के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ कार्यकता सोन कुमार सिन्हा को समाज में जिला उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई उपरोक्त सम्बन्ध में जिला प्रचार प्रसार मंत्री पवन सिन्हा ने बताया कि उपरोक्त मनोयन की प्रकिय समाज के वरिष्ठों के सलाह पर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों की घोषणा की ग्राम पेण्डी में आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बतादे की नगर के सोन कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज में वर्षों से अपनी सेवा देते आ रहे है वर्षों से समाज की सेवा कर रहे श्री सिन्हा को इस बार नवीनतम जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।

कलिंगा विश्वविद्याल द्वारा आयोजित कानून, मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था और समाज के रुझानों पर दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में दिनांक 28 फरवरी और 01 मार्च 2025 को आयोजित वैश्विक सम्मेलन 2025 एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था, जिसमें कानून, मध्यस्थता, अर्थव्यवस्था और समाज में उभरते रुझानों पर चर्चा करने के लिए कानूनी विशेषज्ञ, नीति निर्माता और शिक्षाविद एक साथ आए। विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा कई प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन ने बौद्धिक विचार-विमर्श के लिए एक जीवंत मंच के रूप में कार्य किया।

भव्य उद्घाटन समारोह की शुरुआत एक पारंपरिक दीप प्रवलन समारोह से हुई। इस समारोह में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने कानूनी ढाँचों, सतत विकास और वैश्विक विवाद समाधान तंत्रों पर महत्वपूर्ण चर्चाएं की। इन चर्चाओं ने दो दिनों तक विचारोत्तेजक वातावरण बनाए रखा। कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अजीमखान बी. पठान ने स्वागत भाषण में सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कानूनी क्षेत्र में अकादमिक संवाद और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने सामाजिक विकास में कानूनी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा शासन में कानून की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने कानून और सतत विकास लक्ष्यों के बीच संबंध पर प्रकाश डाला तथा समान विकास को बढ़ावा देने के लिए कानूनी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

श्रीलंका के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति सलीम मार्सूफ के मुख्य भाषण में वैश्विक विवाद समाधान तंत्र का गहन विश्लेषण किया गया, जिसमें विशेष रूप से मध्यस्थता और वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं कानूनी सलाहकार तथा जेआरडी एंड पार्टनर्स के प्रबंध साझेदार एडवोकेट के. रिजु राज एस. जामवाल ने कानूनी पेशे पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव का अन्वेषण किया, तथा कानून में नैतिक चिंताओं और तकनीकी प्रगति पर अपने विचार प्रकट किए। ऑटोनॉमी रेजोल्यूशन सेंटर की संस्थापक, प्रमाणित मध्यस्थ एमसीपीसी, एपीसीएएम मान्यता प्राप्त मध्यस्थ सुश्री कविता भाटिया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे मध्यस्थता कानूनी व्यवहार में एडीआर की प्रासंगिकता को बढ़ाती है, जबकि पब्लिक इश्यू सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री नितिन भंसाली, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और आर्ड्राबाइट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ने न्यायिक चुनौतियों को संबोधित किया और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने में लोक अदालतों की भूमिका पर जोर दिया।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोंदेखुर्द** में स्थित **सीनियर एल.आई.जी. भवन क्रमांक-683 श्री पांडागले चन्द्रकांत पिता श्री लक्ष्मण पांडागले,** को इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक 1841 दिनांक 05.03.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 20.01.2010** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में **श्री पांडागले चन्द्रकांत पिता श्री लक्ष्मण पांडागले, निवासी:-कलमबा फिल्टर हाउस जवल 713A वार्ड सुधाकर जोशी नगर, कोल्हापुर, नागपुर महाराष्ट्र** के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आंबटी द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री कृष्णा गोपाल चक्रधारी पिता श्री मोती लाल चक्रधारी निवासी: ठक्कर बापा वॉर्ड-09, पहाडी पारा, गुढियारी मकान 1173/05 गुढियारी रायपुर (छ.ग.),** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विकय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18087/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18087
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0041C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANTA RANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DARSHAN LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIJAY SHANKAR MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNU DUTT MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18086/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18086
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0041B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANTA RANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DARSHAN LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VISHNU DUTT MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHAMBHAR PRASAD MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18084/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18084
वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446P0041D** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANTA RANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DARSHAN LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MONICA MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIJAY SHANKAR MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18522/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27-02-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18522
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445B00582** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GURMEET KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALWINDER SINDHU MALLAHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PRATIBHA GUPT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI PRASHANT GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18527/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 27-02-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18527
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445R00158** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAYANK AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SURENDRA AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MARUTI SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI ANJANI SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./18355/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 25-02-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18355
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी राव वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L00375** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PAWAN KUMAR JHA 2. DR KISHORE JHA 3. SHEELA JHA S/O LATE MADAN LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PAWAN KUMAR JHA 2. DR KISHORE JHA 3. SHEELA JHA S/O LATE MADAN LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR JHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MADAN LAL JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18606/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 04-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18606
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651D00438** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANDHYA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ARVIND SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SYED TARANUM ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SYED IRSHAD ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर बुधवार 05 मार्च 2025

संक्षिप्त समाचार

20 लाख के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

बीजापुर(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ में चल रहे पुनर्वास और नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 20 लाख रुपये के ईनामी नक्सली दंपती ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। मोस्टवांटेड नक्सली डीवीसीएम दिनेश मोडियम और उनकी पत्नी सीएनएम अध्यक्ष ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। यह दंपती कई बड़े नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। दोनों ने नक्सली संगठन के विचारों से मोहभंग और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेदों के चलते आत्मसमर्पण किया। पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए यह एक महत्वपूर्ण सफलता है, जो नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती प्रदान करती है।

घर-घर नाच रहा मोर

कोंडागांव(विश्व परिवार)। कोंडागांव के नहरपारा वार्ड में एक मोर के रोजाना घर-घर जाकर नृत्य करने का अद्भुत मामला सामने आया है वही स्थानीय लोगों की माने तो उक्त मोर पास के गुरुकुल का है। साथ ही बताया गया कि वह घरों के दरवाजे पर जाकर अपने पंख फैलाता है और नृत्य करता है शुरुआत में लोग उसके पास नहीं जाते थे और मोर भी डर जाता था पर अब लोग उसे चावल खिलाते हैं इसके साथ ही वह आसपास के घरों में पाली जा रही मुर्गियों के साथ भी खेलता है। कभी किसी के दरवाजे पर तो कभी घरों की छतों पर बैठा नजर आता है वही दूसरी तरफशहर के बीच में लोग रोज सुबह-शाम इस खूबसूरत नजारे का आनंद ले रहे हैं और मोर की इस अद्भुत सुंदरता को देखने के लिए लोग खास तौर पर यहां आते हैं।

पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस योजना का लाभ अवश्य मिले : सांसद महेशकश्यप

सुकमा(विश्व परिवार)। बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सभी विभागों के महत्वपूर्ण एजेण्डे पर चर्चा किया गया। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ नम्रता जैन भी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विभागवार जानकारी ली गई और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने पर होने वाली समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास प्लस योजना के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को सर्वे कर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सांसद कश्यप ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए सबको मिलकर सहभागिता से काम करना होगा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों को गम्भीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन हर परिवार हर व्यक्ति से जुड़ी केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। हर घर में जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जल जीवन के कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। जो ठेकेदार अच्छा कम नहीं करता है उसके ऊपर नियमानुसार कार्यवाही करें।

गरियाबंद में भाजपा का परचम, पांचों जनपद पंचायतों पर ऐतिहासिक जीत

गरियाबंद (विश्व परिवार)। जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनपद पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर कांग्रेस को करारा झटका दिया है। पहली बार जिले की पांचों जनपद पंचायतों ङ्क फिंगेश्वर, गरियाबंद, छुरा, मैनपुर और देवभोग ङ्क पर भाजपा ने कब्जा जमाया है।

जनपद अध्यक्षों की सूची:

फिंगेश्वर: श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू (निर्विरोध)
गरियाबंद: सोहन लाल ध्रुव
छुरा: श्रीमती मीरा ठाकुर
मैनपुर: श्रीमती मोईना नेताम (निर्विरोध)
देवभोग: श्रीमती पद्मलया निधि (निर्विरोध)

उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा का दबदबा रहा, जिसमें गरियाबंद से लेखराम साहू, फिंगेश्वर से सतीश यादव और छुरा से कुलेश्वर सोनवानी ने जीत हासिल की। वहीं, मैनपुर में नंदिनी तपेश्वर राजपूत और देवभोग में सुधीर अग्रवाल निर्वाचित हुए।

संगठन की रणनीति रही अहम

इस बड़ी जीत के पीछे राजिम विधायक रोहित साहू, जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, संतोष उपाध्याय और डमरूधर पुजारी सहित पार्टी पदाधिकारियों की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक एकजुटता रही।

भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा, ५यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता के विश्वास का परिणाम है। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा,भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत संगठन की एकजुटता और जनहितैषी नीतियों की देन है। आने वाले समय में हम और मजबूती से जनता की सेवा करेंगे।

कार्यकर्ताओं में उत्साह

इस जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। गरियाबंद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को संतोष उपाध्याय, सुमीत पारख, आशीष शर्मा, अजय रोहरा और अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी।

महापौर संजय पांडे ने की अपनी पहली पारी की शुरुआत, किया पदभार ग्रहण

पूजा अर्चना भारत माता के जयकारे के बीच सम्हाली महापौर की कुर्सी

राम दरबार के साये में करेंगे लोगों का दुख दूर

जगदलपुर(विश्व परिवार)। नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डेय ने सोमवार को मेयर के रूप में अपनी पहली पारी की शुरुआत धर्म आराधना के साथ की। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप और कई वरिष्ठ जन मौजूद थे। नगर निगम कार्यालय जाने से पहले मेयर संजय पांडे माई दंतेश्वरी के मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। निगम कार्यालय में शुभ मुहूर्त पर उन्होंने नगर निगम महापौर के रूप में अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत करते हुए पदभार ग्रहण किया। नए महापौर के चेंबर को बहुत ही कम समय में तैयार किया गया है। रात दिन काम करके कारीगरों ने इसे नया रूप दिया है। महापौर जिस कुर्सी में बैठेंगे उसके पीछे एक राम दरबार का बड़ी फेटो लगाई गई है। वहीं कक्ष के भीतर प्रधानमंत्री के छायाचित्र के साथ ही क्रम से अन्य नेताओं और दिवंगत महापुरुषों की भी तस्वीरें लगाई गई हैं। मालूम हो कि चुनाव परिणाम के 13 दिन बाद 1 मार्च को शुभ मुहूर्त में संजय पाण्डे ने अपने पार्षदों के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा अन वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शपथ ली थी । आज सुबह नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर ने पदभार ग्रहण किया।

शपथ ग्रहण से पहले निर्दलीय पार्षद ने थामा भारतीय जनता पार्टी का दामन

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर पालिका परिषद दीपका में रविवार को अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत और पार्षदों का शपथ ग्रहण से पहले सुख सागर साहू ने भाजपा का दामन थाम लिया , उन्होंने गेवरा-दीपका साहू समाज के अध्यक्ष मुकेश साहू और उनके समर्थक के बीच उपस्थित होकर भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने फूलों का हार पहना कर निर्दलीय पार्षद को भाजपा में प्रवेश कराया। नगर पालिका क्षेत्र के निर्वाचित निर्दलीय पार्षद सुखसागर साहू ने भारतीय जनता पार्टी को बिना किसी शर्त अपना समर्थन दे दिया है और वह भाजपा में शामिल हो गए हैं। 21 सदस्यों वाली नगर पालिका परिषद में भाजपा के पास 12 पहले से थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर(छ.ग.)

//उदघोषणा//

क्रमांक/ /वाचक-1/व्यपवर्तन/2024

पत्थलगांव, दिनांक 03/03/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीप अग्रवाल आ. स्व. मनोज अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम जशपुर रोड़ पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पत्थलगांव प.ह.नं. 06 स्थित आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि का सारिणी:- ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, ख.नं. 699/1/ख/7, रकबा 0.019है., व्यवसायिक प्रयोजनार्थ ।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.03.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सीील

सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

कलेक्टर ने टीकाकरण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कांकेर(विश्व परिवार)। केन्द्र शासन की योजना नेशनल एनिमल डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत जिले में गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं में मुंहपका खुरपका रोग के विरूद्ध सघन टीकाकरण अभियान 01 मार्च से प्रारंभ हो गया है, जो 31 मार्च तक चलेगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय परिसर से इसका शुभारंभ करते हुए टीकाकरण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि मुंहपका एवं खुरपका रोग फटे खुर वाले पशुओं का अत्यंत संक्रामक एवं घातक विषाणुजनित रोग है, जो गाय, भैंस, भेड़ बकरी सूअर आदि पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग की प्रमुख विशेषता यह है कि रोग अत्यधिक तेजी से पशुओं में फैलता है। इस रोग के होने पर पशु को तेज बुखार के साथ मुंह, मसूड़े, जीभ के ऊपर-नीचे होंठ के अंदर का भाग, खुरों के बीच की जगह पर छोटे-छोटे दाने उभर आते हैं, जो कि आपस में मिलकर छालों का रूप लेता है। मुंह में छाले होने से पशु के मुंह से लगातार लार गिरती रहती है एवं खुर में छालों के कारण पशु लंगड़ा कर चलता है। पशु खाना पीना छोड़ देता है और सुस्त पड़ जाता है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि इससे दुधारू पशुओं में दूध की उत्पादन कम होता है तथा बैलों की कार्यक्षमता कम हो जाती है। इसकी रोकथाम ही नियंत्रण का कारगार उपाय है तथा रोकथाम के जरिये समस्त पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। टीकाकरण की आवश्यकता अनुरूप एवं रोग उन्मूलन हेतु केन्द्र शासन द्वारा यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पशुधन विकास विभाग के समस्त मैदानी विभागीय अमले में कुल 76 दल गठन कर प्रतिदिन अलग-अलग ग्रामों में नि:शुल्क टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने समस्त पशुपालकां से अनुरोध किया है कि वे अपने गौवंशीय-भैसवंशीय पशुओं में टीकाकरण अवश्य कराएं।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र. 02 बलौदाबाजार (छ.ग)

ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal: http://wrd.cgeprocurement.gov.in

निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम क्रमांक 162740 (प्रथम आमंत्रण) निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./ई- प्रोक्युरमेंट/2024-25 दिनांक 13.12.2024, जिसका जी. नंबर 242504594/2 दिनांक 17.12.2024 में जी शेड्यूल में आवश्यक सुधार होने के कारण निविदा निरस्त की जाती है.

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र. 02 बलौदाबाजार
कृते- मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G- 242505645/3

सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन के पांच नए एक्सक्लूसिव फास्टर (FAST)चैनल लॉन्च

गुरुग्राम: सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी (FAST-फास्ट) सेवा है, ने वार्नर ब्रदर्स के साथ मिलकर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर विशेष रूप से पांच नए फास्टचैनल लॉन्च किए हैं। ये डब्लूचबीटीवी (WBTV)चैनल स्ट्रीमिंग दर्शकों को बेहतरीन कहानियाँ और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करते हैं। हिंदी कंटेंट पर विशेष जोर देने के साथ, ये नए चैनल क्षेत्रीय और शहरी दोनों दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है और समाचार, खेल, मनोरंजन समेत कई तरह के चैनल प्रदान करती है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा, हमें सैमसंग टीवी प्लस पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। फास्ट श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हम अपने दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी न केवल दर्शकों के लिए मनोरंजन के अधिक विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर अनुभव और आसान एक्सेस भी देगी। साथ ही, यह विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी।

प्रीमियम प्रोग्रामिंग की विविध श्रृंखला पेश करते हुए, नीचे दिए गए चैनल सैमसंग स्मार्ट टीवी और मोबाइल डिवाइस पर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार किए गए हैं।

हाउस ऑफक्राइम: अपराध की दुनिया के शौकीनों के लिए एक दिलचस्प ठिकाना, जहां हिंदी में थ्रिल से भरपूर ड्रामा और रोमांचक इन्वेस्टिगेटिव सीरीज देखने को मिलेंगी।

ब्लू चिप स्टॉक्स के लिए मोमेंटम रणनीति : सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

मुंबई। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी C.A.R.E का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80% एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है। बाजार की अस्थिरता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए फंड निवेशक पूंजी की सुरक्षा के लिए सामरिक हेजिंग और डेरिवेटिव रणनीतियों को एकीकृत करता है।

कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर- कांकेर

-: अल्प कालिन निविदा :-

एन.आई.टी. क्रमांक / 74 से 78/ जि.नि.स./2024-25 कांकेर, 28.02.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 10/03/2025 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 11/03/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 12/03/2025 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 19/03/2025 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 22/03/2025 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

क्र.	NIT No.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर राशि
1	74	जिलाः- कांकेर के अन्तर्गत पंखाजूर के हास्पिटल परिसर मे प्रतिक्षालय, शौचालय निर्माण, एवं बोर खनन कार्य।	31.50	24,000/-
2	75	नगर पंचायत पंखाजूर में लाईब्रेरी स्थापना हेतु भवन निर्माण कार्य।	25.00	19,000/-
3	76	एल 087 मेनरोड एल 035 से मर्रीपारा (पुसवाड़ा) मार्ग के आर.डी. 6000 मी. में वृहद पुल 4×6 M Slab Culvert निर्माण कार्य	100.98	76,000/-
4	77	सड़क भण्डारीपारा (कांकेर) से घोटिया मार्ग के आर. डी. 6300 मीटर में वृहद पुल 4x6 M Slab Culvert निर्माण कार्य।	108.73	82,000/-
5	78	खेल मैदान परिसर (तिनी स्टेडियम) कांकेर मे मल्टी परपस इंडोर हॉल एवं अन्य आवश्यक कार्य तथा अतिरिक्त खेल मैदान ग्राउंड निर्माण कार्य कांकेर	207.07	1,04,000/-

G-242505660/4

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, बुधवार 05 मार्च 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
7

संक्षिप्त समाचार

ग्राम पंचायत नकटी से बिहारी यादव भारी मतों से जीत बने सरपंच

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर जिले के धरसीवा जनपद पंचायत अंतर्गत अंतिम ग्राम पंचायत नकटी में सरपंच पद प्रत्याशी बिहारी यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मुकेश धृतलहरे को 227 वोटों के भारी अंतर से पराजित कर सरपंच पद पर कब्जा किया ग्राम वासियों ने उन्हें अपना आशीर्वाद व अपना अमूल्य मत देकर सरपंच पद पर आसीन किया मृदु भाषी मिलनसार बिहारी यादव ने आभार जताते हुए विशाल जुलूस के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया एवं ग्राम वासियों को विश्वास दिलाया कि ग्राम पंचायत नकटी के विकास कार्य मे किसी तरह की कोई कमी नहीं होने दूंगा ग्राम पंचायत के विकास के लिए उनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर से ऊपर उठकर विकास कार्य कराया जायेगा साथ ही ग्राम वासियों के मिले प्यार, स्नेह एवं आशीर्वाद का सदैव सम्मान किया जायेगा ग्राम वासियों के किये गए विश्वास पर खरे उतरेंगे ग्राम वाशियों की समस्या के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे उन्होंने कहा मेरी पहली प्राथमिकता ग्राम वासियों को ग्राम मे उड़ रहीं अत्यधिक धूल से मुक्ति दिलाना ग्राम पंचायत मे स्ट्रीट लाइट कि व्यवस्था आदि कार्य प्रमुखता से किये।

आयुक्त एवं अपर आयुक्त के आदेशानुसार बकायादारों पर की गई कड़ी कार्यवाही

रायपुर (विश्व परिवार)। आयुक्त महोदय के आदेशानुसार अपर आयुक्त एंव उपायुक्त राजस्व के दिये निर्देशानुसार जोन आयुक्त जोन क्र. 03 के नेतृत्व में जोन के बकाया द्वारो पर कड़ी कार्यवाही की गई जिसमें वार्ड क्र. 29 में सुनील चावला का 2018-2019 से 2064095 एंव नवीन जोशी से वर्ष 2021-2022 कुल बकाया राशि 149620 वार्ड क्र. 30 शंकर नगर वार्ड किशोर शॉपिंग मॉल का वर्ष 2023-2024 से 229554 रुपये तथा विनोंदकुमार आहुजा का वर्ष 2016-2017 से 203147 रुपये पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई जिसमें नवीन जोशी के द्वारा 139620 रुपये एंव विनोदकुमार आहुजा के द्वारा 203147 रुपये का चेंक मोके पर प्रदान किया गया बकाया द्वारा पर यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी उपरोक्त कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी प्रेमचंद दुबे मोहिब खान विनोंद साहू आशुतोष तिवारी इम्तियाज खान आदि उपस्थित रहे।

महिला मंडल ने मनाया फूल फाग

रायपुर (विश्व परिवार)। गोपाल मंदिर महिला मंडल द्वारा प्रर्तिवर्षानुसार इस वर्ष भी होलिकोत्सव के पूर्व आयोजित किए जाने वाले फूल फाग उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदर बाजार स्थित प्रजापति निवास में आयोजित फूल फाग में महिलाओं ने फूलों की होली मनाई। साथ ही भजन कीर्तन के साथ साथ पूरे पारंपरिक नृत्यों के साथ समां बांधा। इस अवसर पर शीला प्रजापति,अर्चना शर्मा,चित्रा देवकर, ललिता देवकर,चीनू शर्मा, संरिता शर्मा,मंजू शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, पुष्पा जैन,राजकुमारी व्यास,पूनम प्रजापति,सुनीता प्रजापति, रोशनी सोनी,वर्षा शर्मा, विजयलक्ष्मी पुरोहित,श्यामा गुप्ता,रेखा प्रजापति, बबीता प्रजापति आदि शामिल हुए।

पिता का शव घर में पड़ा, बेटा दसवीं बोर्ड की परीक्षा लिखने लड़खड़ाते कदमों से पहुंचा

जशपुर नगर (जितेन्द्र सिंह)। हर माता पिता का सपना होता है उसकी संतान कोई डॉक्टर ,इंजीनयर या फिर कोई बड़ा आदमी बनें। यह सोच महावीर राम की भी थीं। उसने बेहतर पढ़ाई के लिए बेटे नितेश विश्वकर्मा उम्र 15 को आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश दिलाया था। महावीर राम शिक्षक थे इसलिए पढ़ाई और उसके महत्व को बखूबी जानते थे। वह रविवार को अपने निवास खूंटी टोली से नगर की ओर जा रहें थे सारूडीह घाट के पास वह अनियंत्रित होकर लगभग पांच फिट में गिर गये। जिससे वह गंभीर चोटें आई। आनन - फानन में उनको जिला अस्पताल लाया गया जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया। झगझोर कर देने वाली घटना खूंटी टोली किनकेल गांव की है।दरअसल सोमवार से दसवीं अंग्रेजी माध्यम की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई है। लेकिन ठीक इसके एक दिन पहले पिता की मृत्यु से हितेश व उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ऐसे में परीक्षा की तैयारी संभव नहीं था। लेकिन पूर्व तैयारी के दम पर उसने परीक्षा में शामिल होने का साहस किया। सोमवार को पहला पेपर था। जिसमें पिता का शव घर में पड़ा था वहीं बेटा दसवीं बोर्ड की परीक्षा लिखने पहुंचा था। हितेश ने बताया मेरे पिता महावीर राम साकोना में प्रधानपाठक के पद में पदस्थ थे। मेरे पिता ने कहा था दसवीं बोर्ड में अच्छे अंको से पास होना है। पिता का सपना और साल को बर्बाद न हो इसलिए विपत्ति में परीक्षा लिखने आया।

तीन नाबालिगों की शादी रोकी गई, परिजनों को दी समझाईश

बलौदाबाजार (विसं)। नाबालिग बच्चों की शादी कराए जाने की सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शादी रुकवाई गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी. जाटवर के मार्गदर्शन में एक संयुक्त टीम गठित कर जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना पलारी और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। टीम ने सिमगा विकासखंड के ग्राम आमाकोनी, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम अकोली एवं गोंगिया में जाकर तीन नाबालिग बच्चों की शादी रुकवाई।

ग्राम आमाकोनी में 14 वर्ष 4 महिने की नाबालिक लड़की की शादी होने वाला था जिसे जिसे समय रहते रोका गया। अकोली गांव में 15 वर्ष 9 महिने की नाबालिग लड़की की शादी हो रही थी, जिसे प्रशासन ने विवाह रोक दिया,वही तीसरा मामला ग्राम गोगिया का था, जहां एक 15 वर्ष 7 माह के नाबालिक लड़के के पथरिया मुंगेली के लिए निकल रही बारात को संयुक्त टीम द्वारा रूकवाया गया साथ ही शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की गई एवं घोषणा पत्र में परिजनों से हस्ताक्षर कराया गया जो वैधानिक विवाह की न्यूनतम उम्र से कम थी।

परिजनों को दी गई समझाईश-महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने सभी नाबालिग बच्चों और उनके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। टीम ने उन्हें समझाया कि लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की उम्र से पहले विवाह कानूनी रूप से अपराध है जो बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की चेतावनी दी गई अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करने पर दो वर्ष का कारावास और 1 लाख रूपये का जुर्माना हो सकता है । इसके अलावा विवाह कराने, अनुमति देने, सहयोग करने या इसमें शामिल होने वालो पर भी कार्यवाही का प्रावधान है।

इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, एकीकृत बाल विकास परियोजना सिमगा, भाटापारा और पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

31 मार्च तक जमा करें हाउस टैक्स नहीं तो होगी कार्रवाई, अवकाश दिवस में भी खुले कार्यालय

निगम का टैक्स तो आखिरकार करना ही है, क्यो ना अनावश्यक पेनाल्टी से बचने टैक्स एवं दुकान किराया का भुगतान करें

दुर्ग (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम। शहर के लोगों को नगर निगम प्रशासन ने पेनल्टी से बचने के लिए फिर एक मौका दिया है। नगर निगम ने लोगों को टैक्स एवं दुकान किराया पटाने के लिए आखिरी मौका दिया है, जिसमें आने वाले तीन दिन छुट्टियों के बाद भी नगर निगम स्थित काउंटर कार्यालय खुले रहेंगे। लोग इस वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च तक नगर निगम का टैक्स जमा सकते हैं। 31 मार्च तक टैक्स नहीं जमा करने वालों पर पेनल्टी लगेगी। इतना ही नहीं आगे समय बढने पर पेनल्टी की दर भी बढ़ती जाएगी। दरअसल, समय के साथ पेनल्टी की दर बढ़ती जाती है। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि जिन लोगों ने संपत्ति कर जमा नहीं किया है वो जमा कर दें, 1 अप्रैल के बाद फाइन लगेगा। नगर निगम सीमा अंतर्गत तेजी से टैक्स वसूली पर कार्य होता दिखाई दे रहा है। अवकाश दिवस में भी काउंटर कार्यालय खोले जा रहे हैं और सम्मानित करदाताओं से भी लगातार अपना संपत्ति कर जमा करने के लिए अपील की जा रही है, 31 मार्च के बाद 1000 पेनाल्टी नगर निगम द्वारा लगना शुरू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा राजस्व विभाग की पुरी टीम को 8 करोड़ का टारगेट दिया है, इसके लिए राजस्व विभाग टीम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मेहनत कर पसीना बहा रहे है।

आयुक्त ने शहर वासियों से अपना हाउस टैक्स जमा करने के लिए विशेष रूप से अपील की है।राजस्व अधिकारी आरके बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर ने बताया आवश्यकता अनुसार कैंप लगाने के लिए भी कहा गया। दिए हुए टारगेट के क्रम में अपनी रफ्तार को तेज कर दिया है। अवकाश दिवस में भी बेहतर कार्य कर रहे हैं। जिसकी आयुक्त सुमित अग्रवाल ने भी प्रशंसा की। लगातार शहर में हाउस टैक्स जमा करने के लिए प्रचार प्रसार भी बृहद स्तर पर चल रहा है। नगर निगम ने क्षेत्र के सभी करदाताओ से अपील अपने सम्पति कर का भुगतान 31 मार्च के पहले करे। टैक्स नही जमा करने से प्रतिवर्ष 1000 रुपये पैनल्टी एवं सम्पति कर का 15 अधिभार लगता है।

भाजपा ने सुरेन्द्र पाटनी को जिला प्रभारी बनाया

फिंगेश्वर (विश्व परिवार)। जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत यानी 11 में से 7 समर्थकों की जीत का पुख्ता दावा के बाद अब भाजपा में जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र पाटनी को जिला प्रभारी नगरीय निकाय चुनाव बनाया और उनके कुशल मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में भाजपा ने उम्मीद से ज्यादा सफलता प्राप्त करते हुए 6 मे 4 निकयों मे पूर्ण और 2 निकायों में अध्यक्ष को छोड़ पार्षदों की संख्या में जबरदस्त सफलता प्राप्त की। उनके इस सफल निर्देशन पर अब भाजपा द्वारा सुरेन्द्र पाटनी को एक बार फिर जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनाने पार्टी का प्रभारी बनाया है। कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर श्री पाटनी को बधाई देते हुए भाजपा के उच्च नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

दक्षिण गंगोत्री के अवैध निर्माण को 24 घंटे के अंदर जेसीबी से ध्वस्त किया गया

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के दक्षिण गंगोत्री रेल्वे लाईन के पास 2 व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसके काम को राजस्व विभाग द्वारा रविवार को बंद कराया गया था। सोमवार के दिन अवैध निर्माणकर्ता रविंदर सिंह/पिता ब्रम्हदेव सिह, जेठू राम साहू/पिता स्व. फूदूक राम साहू को 24 घंटे के अंदर निर्माण एवं भूखण्ड से संबंधित कागजात लेकर जोन कार्यालय में बुलाया गया था। आवेदक उपस्थित होने पर पता चला कि आवेदक के पास आबंटन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। बिना परमिशन, भवन अनुज्ञा लिये अवैध रूप से लगभग 2500 वर्गफूट एवं 1800 वर्गफूट में पक्का निर्माण किया जा रहा था, रविवार के दिन आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निरीक्षण के दौरान स्वयं अवैध निर्माण का संज्ञान प्राप्त किये थे। वही से सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी को संबंधित को नोटिस देने के लिए आदेशित किये थे।

अवैध कब्जाधारी द्वारा समय अवधि में खाली नहीं करने के कारण जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में जोन-1 के राजस्व विभाग, भवन निर्माण अधिकारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में नगर निगम भिलाई द्वारा कार्यवाही करके अवैध निर्माण को जे.सी.बी. के माध्यम से गिरा दिया गया। जोन आयुक्त अजय राजपूत द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जोन 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत बहुत से लोगो द्वारा बिना भवन अनुज्ञा के मकान का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे व्यक्तियो पर निगम द्वारा निरंतर कार्यवाही की जावेगी। किसी प्रकार की नगर निगम के भूखण्ड में अवैध निर्माण न करे। आपके द्वारा जो भी पक्का या कच्चा निर्माण किया जायेगा। उसे नगर निगम के दल द्वारा संज्ञान में आने पर तोड़ा ही जायेगा। इससे निर्माण करने वाले का ही नुकसान होगा। जो भी लागत है, वह सब बर्बाद हो जायेगा। इसमें कार्यवाही के दौरान जो भी खर्च आयेगा। उसका भरपाई भी संबंधित व्यक्ति से की जावेगी। अंत तक आपका मकान अवैध निर्माण ही कहेलायेगा। मकान, आदमी अपने एवं अपने बाल बच्चो के लिए बनाता है, यह किसी प्रकार से भी वैद्य नहीं होगा। यह पुरी तरह स्पष्ट है कि किसी भी भूखण्ड का संपत्तिकर जमा कर देने से उस पर मालिकाना हक नहीं हो जाता है।

महिलाओं ने सीखा फलों एवं सब्जियों से जैम, जैली, चटनी और अचार बनाना

कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार सेवाएं निदेशालय द्वारा धरमपुरा और जोरा में 6 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। 04 मार्च 2025। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार सेवाएं द्वारा राज्य कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद के वित्तीय सहयोग से ग्रामीण युवाओं हेतु कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत ''स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फलों और सब्जियों के प्रसंस्करण और पैकेजिंग'' विषय पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 फरवरी से 4 मार्च, 2025 तक ग्राम जोरा एवं ग्राम धरमपुरा में आयोजित किया गया। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमां का आज यहां समापन किया गया समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा थे। डॉ. टुटेजा ने कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रतिभागियों से कहा कि वे स्व सहायता समूह गठित कर फलों एवं सब्जियों के परिरक्षित खाद्य उत्पादों का निर्माण एवं विपणन कर घर बैठे अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें निदेशालय विस्तार सेवाएं की तरफ से परिरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय हेतु हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किये गये।

इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 18 से 40 वर्ष तक की 28-28 महिलाओं को फल एवं सब्जियों के परिरक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ग्राम जोरा एवं ग्राम धरमपुरा में आयोजित इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी सब्जियों एवं फलों के प्रसंस्करण एवं इससे निर्मित उत्पादों की पैकेजिंग आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को फलों के जैम, जैली, स्क्वाश, नेक्टर तथा टमाटर का कैचप, चटनी एवं सॉस तथा विभिन्न सब्जियों के अचार, ईमली का अचार, मशरूम का अचार एवं मशरूम से निर्मित अन्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही महिला प्रतिभागियों को कंदीय फसलों के प्रसंस्कण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में भी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

संभावित पीलिया, डायरिया प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे : आयुक्त

भिलाईनगर (विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर में पीलिया, डायरिया फैलने की सूचना मिलते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं विभागीय अधिकारियों को लेकर वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर वार्ड के नागरिको से पेयजल आपूर्ति की जानकारी प्राप्त किये। विभिन्न जगहो से पानी का सेम्पल लिया गया है, जिसको परीक्षण के लिए संबंधित विभाग में भेजा गया है। स्थानीय निवासियो एवं निगम कर्मचारियो से जानकारी प्राप्त हुई कि प्रभावित परिवारों द्वारा पुराने बोर के पानी का उपयोग किया जा रहा है। जिसको बंद करवाया गया, निगम के फिल्टर प्लांट से फिल्टर युक्त पानी की सप्लाई लाईन वहां बिछी हुई है, उसी से पानी लेने कहा गया। जिस क्षेत्र में वाटर लेवल कम है, वहां पर टेंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि बहुत से लोग सप्लाई वाटर में अवैध तरीके से जमीन में गढढा करके पाईप लाईन में छेद करके स्वयं कनेक्शन जोड़ लिये है। जिसमें से पानी लीकेज हो रहा है, उसमे मोटर भी लगा लिये है। पानी का मोटर तेजी से पानी खींचने के कारण दुषित पानी भी खींच लेता है। सभी धरो में क्लोरिन का टेबलेट बांटा गया। यह देखकर आशचर्य हुआ कि निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी क्लोरिन टेबलेट बांटते है, लोग उसका उपयोग न करके उसको फेंक देते है। वहीं दुसरे तरफ ज्यादातर घरो में सप्लाई पाईप लाईन में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी खींचा जा रहा है। इससे ऊचांई वाले जगहो पर पानी का दबाव कम हो जाता है। दुसरे तरफ लोग अमृत मिशन के पानी को नालियो में गिरा रहे है, सड़क व गाड़ी धो रहे है, पानी बर्बाद कर रहे है। वहीं की 70 वर्षीय महिला दुलारी बाई ने बताया हम यहां 27 साल से है, पहले पानी के लिए मारा-मारी होता था, झगड़ा होता था, अब पानी मिलने पर लोग उसकी किमत नहीं समझ रहे है, हम सर पर रखकर पानी लाते थे। अब पानी मिलने पर लोग बर्बाद कर रहे है। निगम को पैसा भी नहीं पटाते है।

इंदौरी नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण, पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने दी बधाई

पंडरिया (विश्व परिवार)। मंगलवार को बाजार चौक में नगर पंचायत इंदौरी की नवनिर्वाचित भाजपा अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा को प्रचंड जीत मिली इसी कड़ी में आज सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने नगर व क्षेत्र के विकास की शपथ ली। इस दौरान नगर पंचायत इंदौरी से भाजपा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई महँगी लाल मांडले और पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में कबीरधाम भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र चन्द्रवंशी जी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें और सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सभी को मिलकर इंदौरी नगर के विकास को आगे ले जाने एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संयुक्त प्रयास करना होगा। हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने नगर और क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से इंदौरी नगर को एक विकसित एवं आदर्श नगर के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व हमने हमर संकल्प पत्र एवं पार्टी नेतृत्व में अटल संकल्प पत्र में कई महत्वपूर्ण संकल्प किये हैं जिसपर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाई है। अब हम सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि उन संकल्पों को हम धरातल पर लेकर आए जिसमें आप सभी नगरवासियों के सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। मुझे विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि भी अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पालन करेंगे।

सिविल डिफेंस की स्पेशल टीम द्वारा डोम में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण का सफल आयोजन

बिलासपुर (विश्व परिवार)। सिविल डिफेंस की स्पेशल टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के गेट नं 01 के समीप स्थित डोम में आज अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और यात्रियों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। इस दौरान सिविल डिफेंस टीम के विशेषज्ञों सदस्यों ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 05 मार्च 2025

संभागायुक्त कावरे ने विभागीय परीक्षा का किया निरीक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने आज छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया गया। इस परीक्षा में सुबह की पाली 10 बजे से 1 बजे में कुल 37अधिकारी उपस्थित थे जिसमे राजस्व के 15 महिला एवम बाल विकास से 18 माइनिंग आदिवासी विकास के 2पंजीयन विभाग के 1 अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ज्योति सिंह और श्री रजक डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहे . विभागीय परीक्षा 10 मार्च तक चलेगी।

'गति' के जरिए ही प्रदेश सरकार 'ज्ञान' के लिए लक्ष्य को अर्जित करेगी : ओपी चौधरी

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2025-2026 के लिए प्रस्तुत बजट के प्रमुख प्रावधानों और घोषणाओं पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष के बजट पर हमारा फोकस त्रद्धन्ह (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर था, जबकि इस बार बजट की थीम त्र्ज्ञद्ब (गुड गवर्नेंस, एक्सेलरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रियल ग्रोथ) पर केंद्रित है। 'गति' के जरिए ही प्रदेश सरकार 'ज्ञान' के लिए लक्ष्य को अर्जित करेगी।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने वर्ष 2025-2026 के लिए प्रस्तुत बजट के प्रमुख प्रावधानों और घोषणाओं पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स के साथ विस्तार से चर्चा की

प्रदेश के वित्त मंत्री चौधरी ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रवक्ताओं से चर्चा के दौरान बताया कि बजट की थीम 'गति' के लिए घोषित 10 नई योजनाएँ मुख्यमंत्री परिवहन योजना, मोबाइल टॉवर योजना, नवोत्थान योजना, रिंगरोड योजना, गृहप्रवेश सम्मान योजना, गवर्नेंस फेलोशिप, सियान केयर योजना, सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, अटल सिंचाई योजना और एसएसआईपी का कार्यान्वयन विकसित छत्तीसगढ़ के हमारे संकल्प को दृढ़ता प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने बजट में की गई बड़ी घोषणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुराने केस में 25 हजार रु. से कम वैट वालों को माफी दी गई है। इसी प्रकार 15 हजार रु. मासिक आय वाले अब प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र होंगे। सम्पत्ति खरीदी पर स्टाम्प फीस का 12 प्रतिशत सेस खत्म किया जाएगा। राजधानी में निफ्ट खुलेगा। रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो के लिए सर्वे को मंजूरी दी गई है। पेट्रोल पर लगने वाले वैट में 1 रुपए की छूट भी एक अप्रैल से दी जाएगी।

प्रदेश के वित्त मंत्री चौधरी ने भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स की जिज्ञासा और सवालों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि बजट में किए गए प्रावधानों से प्रदेश के हर वर्ग को सहूलियत मिलेगी। यह बजट प्रदेश के कारोबारियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, कर्मचारियों के कल्याण और आगे बढ़ने के अवसरों के द्वार खोलने जा रहा है। इस बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी फोकस किया गया है जिससे प्रदेश सरकार का संवेदनक्षम दृष्टिकोण परिलक्षित हो रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की आधारभूत संरचना के कार्यों के प्रति संजीदगी को भी प्रदर्शित करता है। सुशासन के संकल्प को तकनीक के सहारे धरातल पर साकार किया जाएगा। श्री चौधरी ने प्रवक्ताओं व पैनलिस्ट्स से बजट प्रस्ताव की सभी योजनाओं व घोषणाओं के हर बिंदु को आम जन तक ले जाने की अपील की।

मीडिया विभाग ने अपने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का जनहित हेतु शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए शाल, श्रीफल, मोमेंटो से सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, नलिनीश ठोकने, अमित साहू, राजीव चक्रवर्ती, अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रवीण साहू, रविंद्र सिंह, बृजेश पांडे, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, मीडिया पैनलिस्ट डॉ. किरण बघेल, निशिकांत पांडे, सुनील चौधरी, वासु, हेमंत पाणिग्रही, उज्जवल दीपक, रायपुर शहर जिला उपाध्यक्ष अकबर अली उपस्थित थे।

लाइनमेन वितरण तंत्र की नींव : भीम सिंह

रायपुर क्षेत्र के 60 लाइन कर्मचारियों का सम्मान

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में आज लाइनमेन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 60 लाइन कर्मियों को प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री भीमसिंह कंवर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संदीप वर्मा एवं मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि लाइनमेन वितरण तंत्र की नींव हैं जिसके बूते प्रदेश भर के 64 लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लाइनमेन स्टाफ को सुरक्षा शपथ दिलाई और आव्हान किया कि सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्यस्थल पर सेफ्टी जोन बना कर शांत मन से कार्य करें। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग पूरी सावधानी के साथ करें। उन्होंने प्रबंधन स्तर पर कनिष्ठ अभियंताओं और सहायक अभियंताओं को निर्देशित किये कि मैदानी स्तर पर लाइन सुधार कार्यों को अपने निरीक्षण एवं मार्गदर्शन में संपादित करवायें।

कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण) श्री संदीप वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गरियाबंद से श्री भूपेश ध्रुव, सारागांव से श्री जोगेश्वर वर्मा और भिलाई से श्री परमेश्वर चन्द्राकर को सुरक्षा मापदण्डों का पालन करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली में सम्मानित किया गया। श्री वर्मा ने अपने उद्बोधन में जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया। साथ ही लाइनमेन स्टाफ को सुरक्षा उपकरणों और सावधानी के साथ कार्य करने की अपील की।

इस अवसर पर रायपुर शहर के मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने लाइनमेन स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लाइनमेन का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता हैं। बारिश, गर्मी एवं कठिन परिस्थितियों में लाइनमेन टूटे तार, लाइनों में फाल्ट सुधारने, ब्रेकडाउन, ट्रांसफार्मरों के सुधार कार्यों को प्राथमिकता से करते हैं। ताकि उपभोक्तागण को निर्बाध विद्युत की आपूर्ति हो सकें।

कार्यक्रम में एल एंड टी के प्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों के महत्व और सुरक्षा मापदण्डों को पॉवर पांइट के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर कुछ लाइनमेन ने अपने सेवाकाल के दौरान हुई दुर्घटनाओं, विपरीत परिस्थिति में कार्य के दौरान आई चुनौतियों एवं अपने अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री संजीव सिंह, अधीक्षण अभियंतागण श्री अशोक खण्डेलवाल, चंद्रमोहन कुमार, महेश ठाकुर सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण, MSME को मिलेगा नया आयाम : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए पारंपरिक उद्योगों का विकास आवश्यक : सांसद बृजमोहन

रायपुर (विश्व परिवार)। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत, समृद्ध भारत के सपने को साकार करने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (स्र्स्र्स्ध) का सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। स्टार्टअप्स के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। ऐसे में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह कहना है सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जो मंगलवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर रीजन द्वारा आयोजित मेगा स्र्स्र्स्ध आउटरीच कैंप में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान लगभग 150 हितग्राहियों को पीएम मुद्रा, नारी शक्ति, यूनियन सपोर्ट एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ?110 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गई।

इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा, हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि छोटे और मध्यम उद्योगों के साथ ही पारंपरिक उद्योगों को मजबूती मिले और वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

उन्होंने बैंकों से पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जीएम, स्ट्रेटजी वर्टिकल, सेंट्रल ऑफिस राजीव कुमार झा, रीजनल हेड अनुज कुमार सिंह समेत विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक पार करना खतरनाक एवं दंडनीय अपराध

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों एवं नागरिकों से रेलवे ट्रैक पार न करने की अपील

रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)। रेलवे प्रशासन यात्रियों और आम जनता से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और रेलवे ट्रैक पार करने की खतरनाक प्रवृत्ति से बचें। रेलवे ट्रैक पार करना न केवल आपकी जान को जोखिम में डालता है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है, जिसमें छह माह तक की जेल या ?1000 तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। रेलवे स्टेशनों पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज तथा सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज, सबवे एवं निर्धारित पैदल मार्ग बनाए गए हैं। सभी यात्रियों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन्हीं सुरक्षित मार्गों का उपयोग करें। रेलवे ट्रैक को लापरवाहीपूर्वक पार करना दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है, जिससे गंभीर चोटें या जान का खतरा भी हो सकता है।

रेलवे ट्रैक पार करने की खतरनाक प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा नियमित रूप से जागरूकता अभियान, लाउडस्पीकर घोषणाएं एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इस गंभीर खतरे के प्रति सचेत किया जा सके। इसके अलावा, रेलवे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। वर्ष 2024 में रेलवे सुरक्षा बल, रायगढ़ एवं रायपुर द्वारा 1283 अनाधिकृत प्रवेश, न्यूसेन्स एवं अवैध वेंडर्स के विरुद्ध 3063 व्यक्तियों पर कार्रवाई किया गया। इस प्रकार इस दौरान सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस तरह के मामलों में 28, 419 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई।

रेलवे प्रशासन अपने यात्रियों एवं नागरिकों से अनुरोध करता है कि आप सभी की सुरक्षा आपके हाथ में है! कृपया नियमों का पालन करें, रेलवे ट्रैक पार करने की गलती न करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। रेलवे प्रशासन आपकी संरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्राम पंचायत नकटी में नवनिर्वाचित सरपंच बिहारी यादव ने सादगी पूर्ण माहौल में ली शपथ

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर जिले के धरसीवा जनपद पंचायत अंतर्गत अंतिम ग्राम पंचायत नकटी में नवनिर्वाचित सरपंच बिहारी यादव एवं पंचो ने सादगी पूर्ण माहौल में शपथ ली उक्त कार्यक्रम ग्राम पंचायत के हाल में आयोजित किया गया ग्राम पंचायत नकटी के सचिव सोमनाथ ने सबसे पहले नवनिर्वाचित सरपंच बिहारी यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई इसके बाद समस्त पंच जनों को एक साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण का कार्यक्रम फिजूल खर्ची को देखते हुए सादगी पूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया उक्त कार्यक्रम में पूर्व सरपंच पूर्व पंचों का सम्मान किया गया शपथ ग्रहण समारोह ग्राम मे गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही एवं उनका भी ग्राम पंचायत द्वारा सम्मान किया गया अपने उद्बोधन में ग्राम पंचायत सचिव सोमनाथ ने नवनिर्वाचित सरपंच बिहारी यादव एवं 17 पंचों को शुभकामनाएं दी साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया एवं समस्त ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहां की आप सभी ने जिस प्रकार सरपंच बिहारी यादव को चुना है एवं पंचों को चुना है भविष्य में भी आप उनका सहयोग कर ग्राम विकास में अपना योगदान दीजिए एवं अपना मार्गदर्शन सदैव सरपंच एवं पंचों को देते रहिएगा उन्होंने सरपंच एवं पंचों से भी आग्रह किया कि वह अपने नए दायित्व का निर्वहन जिम्मेदारी एवं ईमानदारी पूर्वक करें ताकि ग्राम का सर्वांगीण विकास हो और अपने ग्राम पंचायत की पहचान आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में हो नवनिर्वाचित सरपंच बिहारी यादव ने अपने उद्बोधन में समस्त ग्राम वासियों को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लेते हुए समस्त ग्राम वासियों का आभार जताया एवं ग्राम वासियों को विश्वास दिलाया कि वे ईमानदारी पूर्वक निष्ठा एवं लगन से ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रम के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं ग्राम के विकास में किसी तरह की कमी नहीं होने देंगे जितना अधिक से अधिक उनसे विकास कार्य हो सकेगा करने में पीछे नहीं हटेंगे एवं ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम वासियों का मार्गदर्शन हमेशा लेते रहेंगे उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को भी धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सादगी पूर्ण तरीके से संपन्न करवाया अंतिम में उन्होंने सभी का आभार ज्ञापित किया।

मैट्स यूनिवर्सिटी में सफल बांस कार्यशाला, पर्यावरण-अनुकूल डिज़ाइन पर विशेष जोर

रायपुर (विश्व परिवार)। मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय बांस प्रोडक्ट पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण-अनुकूल डिज़ाइन तकनीकों से परिचित कराना था। कोरबा के प्रसिद्ध बांस शिल्पकार चूड़ामणि सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में छात्रों ने बांस से विभिन्न कलात्मक और उपयोगी उत्पाद बनाने की तकनीकें सीखीं। उन्होंने बांस से पार्टीशन बनाने के साथ-साथ गार्डन वॉल हैंगिंग और समुद्री जहाज के प्रोटोटाइप तैयार किए। इन गतिविधियों से उनकी रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को निखारने में मदद मिली। मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, बांस एक पर्यावरण-अनुकूल सामग्री है जिससे सुंदर और टिकाऊ उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इस कार्यशाला से छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग की प्रेरणा मिली और उन्होंने नई डिज़ाइन तकनीकों को सीखा, जो उनके भविष्य के लिए बहुत उपयोगी होगा।

साय सरकार में पूंजीपतियों की गति, मजदूरों की दुर्गति : सुशील सन्नी अग्रवाल

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि ट्रिपल इंजन वाली विष्णु देव साय की सरकार, प्रदेश के श्रमिक भाइयों, बहनों के साथ छलावा कर रही है। विधानसभा के बजट में श्रमिकों को स्थान ना देना उनके थाली से भोजन छिनने जैसा हैं। पूर्व में भूपेश बघेल जी की सरकार में श्रमिक भाइयों बहनों को पंच वर्षीय में अनेकों सौगात मिली थी जो समस्त योजनाएं आज वर्तमान में लागू है।

भाजपा विष्णु देव की ट्रिपल इंजन सरकार ने अपने केंद्रीय नेतृत्व का होडिंग फोटो पोस्टर लगाकर पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं को अपना बताकर वाह वाही लुट रही है, जिसे प्रदेश के हमारे श्रमिक भाई बहन भाजपा की चालाकी को भली भांति समझ रहे है। बीते डेढ़ वर्षों में विष्णु देव भाजपा की सरकार श्रमिकों के कल्याणार्थ कोई नई योजनाये नहीं ला सकी हैं जो बहुत ही चिंताजनक है।

भाजपा की ट्रिपल इंजन वाली विष्णु देव सरकार अपने बजट में श्रमिक भाइयों बहनों को स्थान ना देकर उनके खुशियों पर पानी फेरने का कार्य किया है जिसकी जितनी निंदा किया जाए वो कम हैं।

मेरा सरकार से निवेदन है कि श्रमिक साथियों के लिए नई योजनाएं लाकर उन्हें लाभान्वित करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के हमारे श्रमिक भाई बहन कृपया निराश ना हो क्योंकि कांग्रेस पार्टी हर कदम में उनके साथ हैं और उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने जमीनी स्तर पर सदैव तैयार रहेगी।

बिलासपुर के ट्रैफिक व्यवस्था की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने की टिप्पणी

हाईकोर्ट ने कहा- प्रदेश के सभी बड़े शहरों में ट्रैफिक की स्थिति खराब

बिलासपुर (विश्व परिवार)। हाईकोर्ट ने बिलासपुर शहर के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएसपी ट्रैफिक से शपथपत्र पर जवाब मांगा। ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हुए पलटी एंबुलेंस के मामले में हाईकोर्ट ने आगे की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। अदालत ने पूछा है कि शहर में ट्रैफिक सुधार कब तक होगा। अगली सुनवाई अब अप्रैल माह में होगी।

दरअसल पिछले वर्ष हुए इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था। कोर्ट ने शहरों में इमरजेंसी सेवाओं और वीवीआईपी वाहनों के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी मांगी थी और डीजीपी, बिलासपुर कलेक्टर व एसपी को शपथपत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया था।

'प्रदेश में अब तक कोई ठोस योजना नहीं बनी' : चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने कहा कि बिलासपुर ही नहीं, प्रदेश के बड़े शहरों में भी ट्रैफिक की स्थिति खराब है। अक्सर ट्रैफिक सिग्नल और सड़कों पर इमरजेंसी सेवाओं के वाहनों को रास्ता नहीं मिल पाता। अन्य राज्यों में वीवीआईपी और इमरजेंसी वाहनों के लिए रोड मैप तैयार किया जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अब तक कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई।

चीफ जस्टिस ने कहा कि हम रोज देखते हैं कि ट्रैफिक की स्थिति कितनी खराब है। हर जगह जाम रहता है। उन्होंने प्रशासन को बिलासपुर समेत सभी छोटे-बड़े शहरों में इमरजेंसी सेवाओं के लिए अलग से रोडमैप बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम जनता को जाम में फंसाने पर नाराजगी जताई और कहा कि वीवीआईपी क्या लोगों के ऊपर से निकलेंगे? ऐसे समय में सिग्नल फ्री करने से ट्रैफिक सामान्य हो सकता है।

प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की दी जानकारी : इस सुनवाई में शासन ने कोर्ट को बताया कि पेंड्रोडीह-सकरी बायपास रोड पर अतिक्रमण हटाया गया है और अन्य सड़कों पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। इसके बाद कोर्ट ने डीएसपी ट्रैफिक को एक अलग शपथपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक सुधार के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा होगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354